गुरुवार
25 जनवरी 2024

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

बेटियां हर क्षेत्र में बढ़े आगे : डीएम

2

हर रामभक्त को रामलला का सुगम दर्शन कराना हमारा कर्तव्यः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने की अयोध्याधाम में दर्शनार्थियों की व्यवस्था की समीक्षा
- कहा, कतारबद्ध कर सबको कराएं दर्शन, न लगे भीड़

केटी न्यूज/अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसमें मुख्य रूप से अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड

मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों/बच्चों/महिलाओं का विशेष ध्यान दें।दर्शनार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था कराएं। दिव्यांग अथवा अति बुजुर्ग श्रद्धालु के लिए आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर के प्रबंध भी होने चाहिए। ठंड बहुत है, ऐसे में अलाव की व्यवस्था कराएं। भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर पर जूट मैटिंग कराएं। प्लास्टिक की कुर्सियां लगाएं ताकि बुजुर्ग एवं वृद्धजन आवश्यकतानुसार विश्राम कर सकें। सभी घाटों सहित पूरे नगर में साफ-सफाई-स्वच्छ्ता लगातार होती रहे। मशीनीकृत सफाई हो। जो श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हों, उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। विभिन्न नगरों से अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रखें। दर्शन के उपरांत जिस रूट के श्रद्धालु अधिक हों, उस ओर बसों को लगाकर श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। ऐसे रूट चिन्हित कर आवश्यकतानुसार रेलवे से कोऑर्डिनेट करते हुए ट्रेनों के संचालन के प्रयास होने चाहिए। परिवहन मंत्री स्वयं इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव/ डीजीपी/ अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री/प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास बेहतर समन्वय से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित कराएंगे। अयोध्या की सीमा से लगे जनपदों के साथ अयोध्या प्रशासन तथा शासन स्तर के अधिकारी अंतरराज्यीय संवाद/ सम्पर्क बनाये रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, इसका आकलन करते हुए तदनुसार आवश्यक प्रबंध किए जाएं। 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व 'गणतंत्र दिवस' है। उल्लासमय-उत्साहपूर्ण वातावरण में कतिपय अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत/नारेबाजी अथवा किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान अथवा तिरस्कार न हो। अयोध्याधाम में अपने आराध्य प्रभु श्रीरामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए पूरे देश से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन से उत्पन्न अविस्मरणीय स्थिति के दृष्टिगत अति विशिष्ट/विशिष्ट/गणमान्य जन द्वारा अयोध्या आगमन का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व स्थानीय प्रशासन को देना होगा।

मंच से सूबे के मुखिया ने लालू प्रसाद के परिवार पर साधा निशाना

कपूरीजी ने कभी परिवारवाद को नहीं दिया बढ़ावा : नीतीश

- कपूरीजी ने अपने किसी भी बेटा के लिए कुछ भी नहीं किया
- नीतीश कुमार ने अपने भाषण में भाजपा का जिक्र तक नहीं किया

केटी न्यूज/पटना

जेडीयू और राजद के बीच बढते तकरार की खबरों के बीच नीतीश कुमार ने आज खुले मंच से लालू परिवार पर निशाना साध दिया। पटना में आज जेडीयू ने कपूरी जयंती समारोह का आयोजन किया था. इस कार्यक्रम में नीतीश बोले- कपूरी ठाकुर जी ने कभी अपने परिवार को राजनीति में नहीं बढाया। लेकिन, आजकल तो कुछ लोग खाली अपने परिवार को ही आगे बढ़ा रहे है। नीतीश कुमार ने वैसे तो किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन बगैर नाम लिये सब कह दिया। जेडीयू के कपूरी जयंती समारोह में नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों से कहा-आज कल तो बहुत लोग अपने परिवार को ही बढ़ाता रहता है, लेकिन आप समझ लीजिये, जननायक कपूरी ठाकुर जी ने कभी भी अपने परिवार को नहीं बढ़ाया। एक ही बात जान लीजिये कि कपूरी ठाकुर जी से सीख कर हमने भी अपने परिवार के किसी को नहीं बढ़ाया है। हम दूसरे लोगों को बढाते हैं। बाकी कौन क्या बोलता है उससे फर्क नहीं पड़ता है। जननायक कपूरी ठाकुर जी अपने परिवार के लिए कुछ करते थे। आजकल परिवार का लोग ही नेता बन जाता है। लेकिन कपूरी जी उतने बड़े नेता थे लेकिन वो अपने किसी लड़के के लिए कुछ नहीं करते थे। जब वे चले गये तो हम ही लोग उनके बेटे रामनाथ ठाकुर को आगे बढ़ाये। यहां पर मंत्री रहे। आजकल राज्यसभा के सदस्य हैं। सदन में पार्टी के नेता भी हैं, पार्टी के महासचिव भी हैं। हर तरह से उनका इज्जत हमलोग करते हैं।

बीजेपी का जिक्र तक नहीं

नीतीश के भाषण की खास बात ये भी रही कि उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ एक शब्द कुछ नहीं बोला। हां, कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया. नीतीश ने इसका श्रेय खुद लेने की कोशिश जरूर की। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 2007 से ही कई दफे बिहार विधानमंडल से प्रस्ताव पारित करा कर केंद्र सरकार को भेजा कि कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाये. केंद्र ने वह मांग ली है. अब उम्मीद है कि केंद्र सरकार बिहार की दूसरी मांगों को भी मान लेगी। नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद और उनके परिवार का नाम तो नहीं लिया। लेकिन परिवारवाद के बहाने वे किस पर निशाना साध रहे थे ये सब समझ रहे थे। बिहार में इन दिनों ये लगातार चर्चा हो रही है कि जेडीयू और राजद के बीच की दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। नीतीश ने आज फिर इसका संकेत दे दिया।

कपूरी ठाकुर के बाद काशी राम को मिले भारत रत्न : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और बाद में नेता विरोधी दल रहे कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद राजद के नेता और सूबे के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों की बहुत पुरानी मांग रही है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा के प्रांगण में आए थे तभी हम लोग ने यह मांग की थी। आज बहुत खुशी की बात है कि कपूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने का निर्णय लिया गया है।कपूरी ठाकुर दलित, शोषित वंचित समाज के सबसे बड़े हितैषी रहे। खुशी की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री और दलित समाज के सबसे बड़े नेता कपूरी ठाकुर जी को भारत रत्न मिला है। लेकिन इसका असर राजनीतिक में कहीं ना कहीं यह जरूर देखा जाएगा कि जो हम लोगों ने जाति आधारित गणना करवाई थी और उससे जो आक्र निकाल कर सामने आया उसके बाद ही भारत सरकार को इस पर ध्यान आया और भारत रत्न देने का निर्णय लिया गया।वहीं चुनाव से पहले इस ऐलान को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले दिया जाए या बाद में दिया जाए यह मायने रखता मान्य रखता कि उनको दिया जाए। मैया के सिर्फ लालू यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ही इसकी मांग करते थे बल्कि हर एक समाजवादी नेता की यह मांग करते थे। तो काशी राम जी को ही बोलते हैं कि भारत रत्न मिलना चाहिए। अच्छा होता उनका भी साथ में मिल जाता। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय की राजनीति के पुरोधा रहे कपूरी ठाकुर को केंद्र सरकार ने भारत रत्न देने का फैसला लिया है। मंगलवार की शाम को यह ऐलान हुआ था और आज उनकी जन्मशती है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से जननायक को याद किया है। उन्होंने कहा कि मैं खुद एक पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति हूं और उनके योगदान को समझ सकता हूं।

जेडीयू के कपूरी जयंती में ड्रामाः गोपाल मंडल ने जबरदस्ती दिया भाषण

पटना। पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में जेडीयू के कपूरी जयंती समारोह में मंच पर दिलचस्प ड्रामा हुआ। जेडीयू के बाहुबली विधायक गोपाल मंडल ने जबरदस्ती भाषण दिया। इस दौरान नीतीश कुमार के खास दूत माने जाने वाले संजय गांधी उन्हें रोकने आये तो गोपाल मंडल ने उन्हें झटक दिया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को हड़काया। मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलने पर जेडीयू के नेता उन्हें रोकते रह गये लेकिन गोपाल मंडल नहीं रूके। कहा-पांच हजार आदमी लेकर आये हैं, हमको कौन रोकेगा। गोपाल मंडल ने मंच से एलान कर दिया कि उनका कोई लीडर नहीं है। जहानाबाद से सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भाषण दे रहे थे तो गोपाल मंडल उनके बगल में आ खड़े हुए। वे चंदेश्वर चंद्रवंशी का भाषण खत्म होते ही माइक लूट लेने की मुद्रा में खड़े थे। उनकी तैयारी देख विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ संजय गांधी उनके पास पहुंचे। वे गोपाल मंडल को अपनी जगह पर बैठ जाने को कह रहे थे। लेकिन गोपाल मंडल ने उनके हाथ को झटक दिया। संजय गांधी बोलते रहे लेकिन गोपाल मंडल ने मुंह दूसरी ओर फेर लिया। इसी बीच जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा वहां पहुंचे। चंदेश्वर चंद्रवंशी का भाषण खत्म हो चुका था। उमेश कुशवाहा ने माइक थाम लिया और दूसरे सांसद दिलेश्वर कामत को भाषण देने के लिए बुला लिया। गोपाल मंडल ने वहीं अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को हड़काना शुरू कर दिया। गोपाल मंडल ने अपने भाषण की शुरूआत में ही कहा कि हमलोगों का कोई लीडर नहीं है। सब मनमानी करता है। हम लोग जायें बिहार के कोने-कोने में और ऐसी हालत बना देंगे कि 40 सीटों पर हमारा कब्जा हो जायेगा। कपूरी जयंती में गोपाल मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया।

आरसीपी बोले- नीतीश ने की अपनी मनमर्जी

पटना। बिहार में कपूरी ठाकुर की जयंती के बहाने सभी सियासी दल अति पिछड़ा वोट बैंक को लुभाने की कोशिश में लगे हुए हैं। ईडी गठबंधन में शामिल जेडीयू और आरजेडी अलग अलग कपूरी ठाकुर की जयंती मना रहे हैं तो वहीं बीजेपी भी कपूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मना रही है। एक साथ सरकार में शामिल होने के बाद जेडीयू और आरजेडी के अलग-अलग कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता आरसीपी सिंह ने तंज किया है। आरसीपी सिंह ने कहा है कि आरजेडी और जेडीयू की तासीर कभी मिलती नहीं है। वो तो नीतीश कुमार अपनी कुर्सी के चक्कर में सारे वसूलों को ठेंगा दिखा दिया।

राहुल गांधी ने असम सीएम को घेरा तो बीजेपी भड़की

केटी न्यूज/दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के सीएम हेमंत असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पता नहीं कहां से हिमंत बिस्वा सरमा ने यह सोच लिया कि वो राहुल गांधी को डरा सकते हैं। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाद में राहुल अपनी बात के लिए माफी मांगेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले देश भर की सियासत गरमा गई है। पक्ष और विपक्ष लगातार तमाम मुद्दों को लेकर एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के बारपेटा में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को जमकर घेरा। उन्होंने जनता के बीच अपने संवाद में कहा कि सीएम हिमंत का कंट्रोलर दिल्ली में बैठ है। वह (हिमंत बिस्वा सरमा) देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। गांधी ने आगे कहा कि पता नहीं कहां से उनके (हिमंत बिस्वा सरमा) दिमाग में यह आइडिया आ गया कि वो राहुल गांधी को डरा सकते हैं।उन्होंने कहा कि जितने केस लगाने हैं, लगा दो मैं नहीं डरता। गांधी ने आगे यह भी कहा कि 25 केस लगाए हैं, 25 और लगा दो, मुझे कोई परेशानी नहीं है।

लोकप्रियता से बौखला गए हैं राहुल गांधीः गिरिराज सिंह

दिल्ली। राहुल के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी। मीडिया के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिमंत बिस्वा सरमा की लोकप्रियता से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गलत भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। गिरिराज ने कहा कि राहुल खुद को भावी प्रधानमंत्री मानते हैं और किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की भाषा का उपयोग करना सही नहीं है। वह फिर कोर्ट में जाकर माफी मांगेंगे।

देश के युवाओं को 'मेरा युवा भारत' ऐप से जोड़ने होगी मुहिम शुरू

अमृतकाल के दूसरे गणतंत्र दिवस को भव्य तैयारी

- राष्ट्रीय पर्व को मनाए जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना को तैयार कर उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया हुई शुरू

केटी न्यूज/लखनऊ

रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत पूरी तरह से भक्ति मय व राममय हो चुके उत्तर प्रदेश में 26 जनवरी को देश के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर भी योगी सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार अमृतकाल के दूसरे गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाए जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना को तैयार कर उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अनुसार, पूरे प्रदेश में पारंपरिक सादगी युक्त मगर आकर्षक तरीके से राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा इस संबंध में सीएम योगी के आदेशानुसार प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एक परामर्श समिति का आयोजन के दृष्टिगत गठन किया जाए। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों, विभिन्न समाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा जो गणतंत्र दिवस के आयोजन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर सकें। इसके अतिरिक्त, देश के युवाओं को 'मेरा युवा भारत' ऐप के बारे में जागरुक करने व इससे जोड़ने के लिए प्रेरित करने की मुहिम भी छेड़ी जाएगी।साढ़े आठ बजे सरकारी व दस बजे शिक्षण संस्थानों में होगा झंडारोहण इस वर्ष 26 जनवरी को देश का 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। खास बात यह है कि आजादी के अमृतकाल में यह दूसरा गणतंत्र दिवस होगा और इसी बात को ध्यान में रखकर पारंपरिक सादगी युक्त आकर्षक तरीके से प्रदेश भर में विभिन्न आयोजन होंगे। ऐसे में, मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार सरकारी भवनों में साढ़े आठ बजे व शिक्षण संस्थानों में 10 बजे झंडारोहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्म निर्पेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना पर बल दिया जाएगा। राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के बलिदान को नमन किया जाएगा और उनके परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। राष्ट्रीय चेतना के विकास के लिए नटाक, विचार, गोष्ठी न निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। झंडारोहण के बाद पुलिस परेड समेत तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताएं, दंगल व साइकिल रेस आदि शामिल होंगे। एनसीसी स्काउट्स व गाइड्स का रूट मार्च भी कराया जाएगा।

एनडीआरएफ ने मॉक ड्रिल कर आग से बचाव का दिया टिप्स

- सुरक्षा प्रोग्राम के तहत भूकम्प पर आधारित मॉक अभ्यास तथा प्रदर्शनी लगाकर किया गया जागरूक

केटी न्यूज/औरंगाबाद

9वीं बटालियन एनडीआरएफ ने जिला जिलाधिकारी कार्यालय में सुरक्षा प्रोग्राम के तहत भूकम्प पर आधारित मॉक अभ्यास तथा प्रदर्शनी लगाकर जागरूक किया। भूकंप आने पर किस प्रकार सुरक्षात्मक सावधानियां बरतनी चाहिए तथा आपदा के दौरान आपदा प्रबंधन समिती के अंतर्गत गठित रिस्पांस टीमों के जिम्मेवारी एवं कार्यों को सहायक कमांडेंट संतोष कुमार की निगरानी में 9वीं बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने डेमों के माध्यम से बखूबी समझाया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लाभान्वित हुए। सहायक कमांडेंट ने बताया कि 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम द्वारा भूकम्प आने पर अपनाएं जाने वाले सुरक्षात्मक पहलूओं तथा रेस्पांस

मैकेनिज्म को भी बताया गया तथा इसका अभ्यास करवाया गया। उन्होंने आगे बताया कि आपदा को रोका नहीं जा सकता लेकिन आपदा से पूर्व हमारी तैयारी प्रशिक्षण तथा जागरूकता निश्चित तौर पर आपदा से होने वाले नुकसान को रोक सकता है। किसी भी प्रकार के आपदा आने पर घबड़ाये नहीं बल्कि सूझबूझ के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाये। इस आयोजन में एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट संतोष कुमार, निरीक्षक रणजीत कुमार एवं स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि सर्वप्रथम डेमो के माध्यम से आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारियों दी गई। तत्पश्चात भूकंप आने पर झुके, ढके तथा पकड़े ड्रिल का प्रशिक्षण तथा अभ्यास कराया गया और आपदा में फंसे लोगों को बचाते हैं किस तरह से सुरक्षा उपाय अपनाना चाहिए और इससे होने वाले नुकसान को कैसे कम किया जाये एवं साथ ही एनडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन उपकरणों का एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और कार्यक्रम के अंत में सहायक कमांडेंट के दिशा-निर्देश पर भूकंप सुरक्षा एवं भगदड़ पर आधारित मॉक ड्रील के दौरान किए जाने वाले निष्कासन ड्रिल का आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट ने बताया कि विभिन्न प्रकार के आपदाओं में जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक है।

एक नजर

टैंकर की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत

आरा। शहर में नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मठिया के समीप बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो, जबकि उसके पिता गंभीर रूप जख्मी हो गए। मृत बच्ची पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव निवासी महावीर कुमार की पांच वर्षीय पुत्री परी कुमारी थी। वह नर्सरी क्लास की छात्रा थी। हादसे में जख्मी उसके पिता महावीर कुमार का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं घटना के बाद चालक टैंकर छोड़ मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा डंपर को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्ची के परिजनों के अनुसार महावीर कुमार की पत्नी पूजा कुमारी अपने दो छोटे बेटे आयुष और समय के साथ करीब दस रोज पहले अपने मायके जगदीशपुर गांव अपने आयी थी। मंगलवार को महावीर कुमार अपनी बेटी परी कुमारी के साथ पत्नी से मिलने ससुराल जगदीशपुर गांव आए थे। बुधवार की दोपहर वह अपनी बेटी परी के साथ बाइक से वापस घर अपने घर लौट रहे थे। तभी अनाइठ मठिया के समीप पीछे से आ रहे एक टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया। उस कारण पिता-पुत्री बाइक सहित गिर पड़े और टैंकर परी पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर ट्रैफिक गश्ती पुलिस पहुंची और दोनों पिता-पुत्री को सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा परी को मृत घोषित कर दिया। जख्मी महावीर कुमार का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि परी दो भाइयों की लाडली और बड़ी बहन थी। उसकी मौत के बाद घर में कोहराम मचा है। मां पूजा कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल था।

अफीम तस्कारी मामले में युवक को 10 साल की सजा

औरंगाबाद। अफीम के साथ पकड़े गए अभियुक्त को 10 साल की सजा और तीन लाख रुपए जुमार्ना लगाया गया है। सजा प्राप्त अभियुक्त गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र के गुलनी गांव निवासी गौतम कुमार पांडे है। सिविल कोर्ट के एडीजे वन सह एनडीपीएस स्पेशल कोर्ट पंकज मिश्रा ने मुफ्फसिल थाना की एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट की तीन धाराओं में दस साल की सजा और तीन लाख जुमार्ना लगा।

जहानाबाद ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

जहानाबाद। पटना गया रेलखंड पर कोर्ट हॉल्ट पर ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई । शैलेंद्र कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष कडौना ओपी क्षेत्र के मुंठेर गांव का निवासी है, जो जहानाबाद कोर्ट में मुंशी का काम करता था एक वकील के निधन हो जाने के कारण आज कोर्ट की कार्रवाई बंद कर दी गई, तभी उसने कोर्ट से वापस आकर पटना जाने के लिए ट्रेन पकड़ने लगा हाल्ट पर पहुंचते पहुंचते ट्रेन खुल चुकी थी, यह व्यक्ति दौड़कर ट्रेन को पकड़ना चाहा तभी इसका पैर फिसल गया और वह व्यक्ति ट्रेन से गिर गया जिसके कारण घटना स्थल पर ही इस व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना की सूचना रेल थाने के पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। इसकी सूचना मृतक की परिवार जनों को दिया गया जैसे ही परिवार को मौत के खबर लगी परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। रेल थाने के पुलिस दिनेश कुमार ने बताया कि ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पैर फिसल जाने के कारण इस व्यक्ति की मौत हो गई है। शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभय कुमार ने बताया कि यह व्यक्ति प्रतिदिन पटना से आते जाते थे और कोर्ट में मुंशी का काम करते थे अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट बंद हो गया जिसके कारण या पटना जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया।या है। जुमार्ना न देने पर छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त घटना के समय से ही जेल में बंद हैं। पटना हाईकोर्ट ने दो बार उसकी जमानत याचिका नामंजूर किया था। अभियुक्त को 18.01.24 को दोषी ठहराया गया था। आज एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई गई है।

खबरें फटाफट

अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेवाज फरार

औरंगाबाद। गोह पुलिस ने अकौना मोड़ के समीप से अंग्रजी शराब बरामद किया है।वही पुलिस को देख बाइक छोड कर धंधेवाज फरार हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि उपहारा के तरफ से बाइक पर लादकर एक युवक अंग्रेजी शराब ले जा रहा है। पुलिस गस्ती टीम ने सत्यापन को लेकर जब अकौना मोड़ के समीप पहुंचा तो युवक अपना बाइक छोड़कर खेत से भागते हुए फरार हो गया। वहीं पुलिस ने बाइक पर लदा एम्प्रियरम ब्लयू 750 एमएम के 8 बोतल एवं 375 एमएम के 16 बोतल कुल 24 बोतल एम्प्रियरम ब्लू शराब बरामद किया गया है। मामले में तुलसी बिगहा गांव निवासी राहुल कुमार को आरोपी बनाते हुए मामले की अनुसंधान की जा रही है।

अवैध बालू लदा ट्रेक्टर जब्त,चालक फरार

औरंगाबाद। गोह पुलिस ने देवहरा बाजार के समीप से चोरी छिपे अवैध बालू लादकर ले जा रहे ट्रैक्टर को जप्त किया है पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मैं दाउदनगर न्यायालय से लौट रहा था तो देखा की देवहरा बाजार से पश्चिम एक ट्रैक्टर पर लादकर अवैध बालू की ढुलाई हो रही है। जब ट्रैक्टर चालक को रोकने का इशारा किया गया तो ट्रैक्टर छोड़ चालक फरार हो गया। जहां से ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में पुलिस ने खनन विभाग को सूचना देते हुए थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान के बयान पर ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

गणतंत्र दिवस का किया गया पूर्वाभ्यास

औरंगाबाद। डीएम श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। जिला पदाधिकारी को सलामी देकर कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास प्रारम्भ किया गया। उसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा गांधी मैदान में भाग लेने वाले टोलियों का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान हुआ।

बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना है

बेटियां हर क्षेत्र में बढ़े आगे : डीएम

केटी न्यूज/औरंगाबाद

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर योजना भवन सभागार, समाहरणालय परिसर में बालिका सम्मान समारोह सह पॉक्सो एक्ट उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ रही हैं, सिर्फ उन्हें अवसर देने की जरूरत है। बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना, बेटियों की उत्तरजीविता एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। इस दिशा में हमलोग काफी काम कर रहे हैं। बिहार की बेटियां काफी आगे बढ रही है। बेटियों को आत्मरक्षार्थ जुडो कराटे, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालयों में शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। सुरक्षित माहौल में बेटियां पढाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है की

आज हमारी बेटियां बेटों से ज्यादा स्कूल जा रही हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने बेटियों को पढने और आगे बढने का अवसर देने को कहा।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नवजात कन्या शिशु और माता अन्नू कुमारी, पूजा कुमारी को जिला प्रशासन की ओर से बेटी के जन्म की खुशी में बधाई संदेश कार्ड और बेबी किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय, सिरिस (बारूण) एवं राजकीय अम्बेडकर आवासीय बालिका विद्यालय, सिलाङ की जुडो कराटे प्रशिक्षण प्राप्त बालिका गुंजन, सोनम, अर्चना, काजल को स्कूल बैग, टीशर्ट, लोअर तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार सात नवजात कन्या शिशु और माताओं तथा दस बालिका को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी , जिला जन संपर्क पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकरी ने शुभकामना देकर बालिकाओं को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस ने कार्यक्रम की चर्चा करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके तहत बालिकाओं को जुडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा बालिकाओं का एनीमिया एवं स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है।

प्राथमिकता के आधार पर किसानों का धान क्रय और ससमय करें भुगतान

औरंगाबाद। धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 आहूत की गई। बैठक में अबतक जिला में हुए धान खरीद की समीक्षा के दौरान बताया गया कि ज़िला अंतर्गत अबतक 38 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह के अंत तक 60 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों एवं उनके समितियों को यह निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में समिति में क्रय किए गए धान के विरूद्ध किसानों को भुगतान 48 घंटे के अन्दर कर दिया जाए तथा किसी भी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के आवंटित समितियों में 90 प्रतिशत से कम भुगतान नहीं होना चाहिए। साथ ही सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वैसे किसान जो धान देने के इच्छुक हों उनसे प्राथमिकता के आधार पर धान का क्रय सह भुगतान ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि 34 समितियों के द्वारा अभी तक संबंधित मिलरों को धान का हस्तानान्तरण नहीं किया गया है जिससे अधिप्राप्ति की प्रक्रिया बाधित है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों से कारणपृच्छा की गई एवं अविलंब संबंधित राईस मिलों को धान हस्तानान्तरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे समितियों के समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अच्छा कार्य करने वाले समितियों के लक्ष्य में वृद्धि एवं कार्य में शिथिलता बरतने वाली समितियों के लक्ष्य में कमी आवश्यकता अनुसार की जायेगी। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, वरीय उपसमाहर्ता फतेह फैयाज, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्रीन्द्र नारायण, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, विजय बहादुर सिंह एवं कॉ-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह भाग लिए।

भोजपुर के 32 समेत शाहबाद रेंज के 108 पुलिस इंस्पेक्टरों का तबादला

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के 32 पुलिस निरीक्षक सहित शाहबाद प्रक्षेत्र के 108 इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया गया है। इनमें शहर के नवादा सहित जिले के दर्जन भर से अधिक थानाध्यक्ष भी शामिल हैं। सभी अधिकारी नव प्रोन्नत इंस्पेक्टर हैं और तीन साल से एक ही जिले में जमे थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर तबादला किया गया है। इसे लेकर शाहाबाद डीआइजी रेंज नवीन चंद्र झा की ओर से बुधवार को क्षेत्रादेश जारी कर दिया गया है। डीआइजी की ओर से जारी क्षेत्र देश के अनुसार कमलेश्वर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, प्रमोद कुमार 1, संजय कुमार सिन्हा, ओम प्रकाश कुमार, विनोद कुमार सुमन, विजय प्रसाद, सौरव कुमार, श्वेता पोद्दार एवं प्रवीण कुमार को बक्सर, नंदकिशोर प्रसाद सिंह को कैमूर, संतोष कुमार रजक, राकेश कुमार सिंह, अशोक चौधरी को कैमूर, राम लखन प्रसाद, नित्यानंद शर्मा, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, प्रशांत कुमार, मनीष कुमार 2 , अवधेश कुमार वन एवं अवधेश कुमार दो को कैमूर, दयानंद प्रसाद, शंभू कुमार भगत, पूनम कुमारी, सहित अन्य का तबादला किया गया है।

दरधा नदी का अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन का चला बुलडोजर

केटी न्यूज/जहानाबाद

जहानाबाद कुछ लोगों द्वारा दरधा नदी के जमीन का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर लिया था इसका शिकायत जिला प्रशासन से किया गया जिला प्रशासन ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि इसकी जांच कराया जाए जब इसकी जांच की गई तब 52 लोगों को चिन्हित किया गया जिन लोगों द्वारा नदी के जमीन को अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर लिया है। अंचलाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के सहयोग से जाफरगंज मोहल्ले में अतिक्रमण हटाया गया कई मकानों को प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि इन लोगों को नोटिस दिया गया था कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटा ले लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी इन लोगों द्वारा अपने मकान को नहीं हटाया सभी को प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी नदी के जमीन को अतिक्रमण किए हुए हैं उनको जल्द से जल्द खाली कराया जाएगा इस घटना से शहर में हड़कंप मच गया उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास जमीन नहीं है उनको अभी नहीं हटाया जाएगा जमीन उपलब्ध कराने के बाद उसे नदी के जमीन खाली कराया जाएगा। लेकिन कई लोगों ने नदी का जमीन का अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। प्रशासन द्वारा लगातार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों

अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं अंचलाधिकारी ने कहा कि सभी जगह सर्वे कराया जा रहा है जहां भी जो लोग सरकारी जमीन कार्यक्रम किए हैं उनका प्रशासन जल्द से जल्द खाली कराएगा।

जिले में बढ़ा महिला मतदाताओं की संख्या : जिलाधिकारी

केटी न्यूज/औरंगाबाद

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे निर्वाचन आयोग की तरफ से मंगलवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इसमें मतदाता पुनरीक्षण में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है जिससे साफ पता चल रहा है कि मतदाता सूची में नाम डलवाने में महिलाओं ने जागरूकता दिखाई है। चुनाव आयोग की ओर से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार, महिला युवा मतदाताओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जारी मतदाताओं की संख्या के अनुसार जिले में 18 लाख, 78 हजार 406 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 83 हजार 425 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 94 हजार 939 है। वहीं 42 थर्ड जेन्डर के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले ज़िले में महिलाओं का लिंगानुपात 879 था। अब नए आकड़े के अनुसार 910 हैं। इस संदर्भ बीएलओ एवं संबधित कर्मियों ने बेहतर कार्य किया जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं की लिंगानुपात बढ़ा है। यह वृद्धि हर्ष का विषय है। जिले के मतदाता सूची के लिंगानुपात में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं सहित सभी वयस्क नागरिकों से निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

सिर्फ स्लोगन तक नहीं सिमटे बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं : डीडीसी

♦ जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस, ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम

केटी/बक्सर

समाज व देश के लिए बेटियों की पढ़ाई काफी महत्वपूर्ण है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं सिर्फ स्लोगन तक ही नहीं सिमटना चाहिए बल्कि इसे धरातल पर उतारना आज की जरूरत है। उक्त बातें बक्सर के उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में कही। वे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी जिला के मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया गया। जिसमें 50 बालिकाओं ने भाग लिया।बालिकाओं के द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर केसठ में वितरित हुई पाठ्य सामग्री

केटी न्यूज/केसठ

बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर केसठ के प्लस टू उच्च विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका भावना कुमारी ने किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास निगम बक्सर के समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में वर्ग 9 और 10 में पढ़ रही बालिकाओं को पाठ्य, वस्त्र आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों की आवाज को बुलंद करने के लिए मनाया जाता है, ताकि लोगों तक और हर घर तक यह आवाज पहुंच सके कि बेटी कुदरत का एक उपहार है और इसको सम्मान देना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि जो बेटी को पहचान देते है वहीं माता-पिता महान होते है। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपने देश की नींव को मजबूत करना है तो हर माता-पिता को चाहिए कि वह अपनी बेटी को पढ़ाएं। इस अवसर पर विद्यालय में बेटियों को जागरूक करने से संबंधित सामूहिक गीत, पेंटिंग, चित्रकला, भाषण सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दहेज प्रथा, लोभी समाज आदि पर बालिकाओं ने गीत गा कर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कुल 50 बालिकाओं को पाठ्य सामग्री और वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम जीविका धर्मेंद कुमार गुप्ता, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार, मुमताज अली, सुमन कुमारी, रंजू कुमारी, बिपिन कुमार, गुरन, बिरेंद्र सहित अन्य मौजूद थे।

एक नजर

चार डिग्री सेल्सियस पहुंचा न्यूनतम तापमान

बक्सर। जिले में कड़ाके की ठंड व शीतलहर का दौर जारी है। बुधवार इस साल का सबसे ठंडा दिन रहा। न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं होने तथा ठंडी पछिया हवा से ठिठुरन बढ़ी रही। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के कारण जिले में आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। वही अस्पताल में मरीजों की संख्या भी नगण्य हो गया है। जबकि फसलों का उत्पादन भी कम हो गया है। धूप नहीं निकलने से ठंड से अभी फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही है। वहीं सुबह की शुरूआत घने कोहरे से हुई। कोहरा का प्रभाव भी अपेक्षाकृत ज्यादा दिखी। विजिविलिटी शून्य के करीब पहुंच गई है। जिस कारण सुबह में गाडियों के संचालन पर ब्रेक लगा रहा। ठंड के कारण लोग घर में दुबके रहे। जिला में सीवियर कोल्ड डे की स्थिति पिछले कई दिनों से बनी हुई है। जो आगे भी दो तीन दिनों तक बने रहने की संभावना जताया गया है। ठंड के कारण सबसे अधिक परेशान झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले है। वही बच्चों तथा बुजुर्गों की मुश्किलें बढ़ गई है।

गणतंत्र दिवस की तैयारी को ले बैठक

केसठ। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में झंडोतोलन का समय निर्धारित करते हुए तैयारी को को ले आपस में विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान सभी कार्यालयों पर झंडा फहराने की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को कई सुझाव भी दिए। वही बीडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय त्योहार है, सभी को पूरे उत्साह के साथ इसे मनाना चाहिए।

खेत की पटवन के दौरान ठंड की चपेट में आया युवक

सिमरी। मंगलवार की रात सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय रामोपट्टी गांव में ठंड से एक युवक के मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक 40 वर्षीय चंद्रदीप राम गेहूं के खेत में पटवन करने गया था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तथा वह खेत में ही निढाल हो गिर गया। आनन फानन में उसे सिमरी सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी उसकी बिगड़ती हालत को देख बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया था। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने बताया कि ठंड की वजह से उसकी मौत हुई है। जबकि सिमरी थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जबकि मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद पांडेय ने इस घटना पर दुख जताते हुए स्थानीय प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग किया है।

रेलयात्री कल्याण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

डुमरांव। बुधवार को रेलयात्री कल्याण समिति डुमरांव शाखा की समीक्षात्मक बैठक टेक्सटाईल कॉलोनी स्थित एक निजी अहाते में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह तथा संचालन इमरान खान ने किया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश सिंह तथा अनील गुप्ता, मनोज कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में विगत वर्षों में किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई और वर्ष 2024 के लिए बृहद कार्ययोजना तैयार की गई।

खबरें फटाफट

गणतंत्र दिवस परेड का फुल ड्रेस परेड का रिहर्सल संपन्न

बक्सर। गणतंत्र दिवस नजदीक आते ही प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को किला मैदान पहुंच डीएमअंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने फुल डेज्स परेड का फाइनल निरीक्षण किया। बता दें कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह किला मैदान में ही आयोजित होता है। जिसमें समारोह की मुख्य अतिथि द्वारा झंडोत्तोलन के साथ ही परेड की सलामी ली जाएगी। बुधवार को हुए फाइनल पूर्वाभ्यास में पांच प्लाटून के जवान फुल ड्रेस में शामिल होकर कदमताल मिलाए और रिहर्सल को विराम दिए। सार्जेंट मेजर उमेश चन्द्र की देखरेख में आयोजित रिहर्सल में पीटीसी, सैप, बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं जिला आर्म्ड पुलिस के पुरुष व महिला बटालियन हिस्सा ले रहे हैं। जिन्हें बतौर प्लाटून कमांडर अमन कुमार मिश्र द्वारा परेड तथा सलामी प्रक्रिया को बारीकि से रिहर्सल करया जा रहा था। कड़ाके की ठंड के बावजूद परेड पूर्वाभ्यास में शामिल पुलिस के जवान पूरे जज्बे के साथ फाइनल रिहर्सल में शामिल हुए। दूसरी ओर जिला प्रशासन द्वारा मुख्य समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 26 जनवरी को किला मैदान के अलावा समाहरणालय, पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड व अंचल कार्यालय के जवान होंगे शामिल।

बीडीओ व सीओ ने मंदिर में क्षतिग्रस्त सामग्री को पुन: कराया स्थापित

मंदिर में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

♦ मानसिक विक्षिप्त है गिरफ्तार युवक, सीसीटीवी फुटेज से हुई है शिनाख्त

केटी न्यूज/डुमरांव

सोमवार की रात प्रखंड कार्यालय स्थित शिवमंदिर में चोरी के दौरान शेषनाग, त्रिशुल व डमरू तोड़ने तथा महरौरा काली मंदिर का दान पेटी तोड़ रुपए चुराने वाले चोर को पुलिस ने दो दिन के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान प्रखंड कार्यालय के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों से हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महरौरा के श्याम बिहारी राय के 28 वर्षीय पुत्र पिंटू राय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि एक ही रात दो मंदिरों में चोरी तथा प्रखंड कार्यालय के शिवमंदिर में शेषनाग, त्रिशुल व डमरू तोड़े जाने की घटना के बाद त्वरित पड़ताल की गई। प्रखंड कार्यालय से कृषि कॉलेज मोड़ तक के सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया। जिसमें उक्त युवक की तस्वीर उस रात पांच जगहों पर कैद हुई है। पूरी छानबीन व साक्ष्य के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में हो रही चोरी की लगातार घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया गया है।

मंदिर में फिर से स्थापित हुआ शेषनाग व त्रिशुल

वहीं दूसरी तरफ प्रखंड कार्यालय में चोरी के दौरान क्षतिग्रस्त किए गए शेषनाग व त्रिशुल को फिर से स्थापित कर दिया गया है। बुधवार को मंदिर के पुजारी अजय तिवारी के नेतृत्व में वैदिक विधान से इसकी पूजा अर्चना कर स्थापित किया गया। नया डमरू भी खरीद कर लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चोरी के दौरान इन सामानों के तोड़े जाने से श्रद्धालु आक्रोशित हो गए थे। जिसे देखते हुए सीओ अंकिता सिंह व बीडीओ संदीप पांडेय ने अपने पैसे से इन सामानों को खरीदवाकर मंगवाया। जिसके बाद श्रद्धालुओं का आक्रोश शांत हुआ। मंदिर समिति से जुड़े बब्लू मिश्र ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने जनमानस की भावना को समझा।

नहीं मिला काली मंदिर में हुए चोरी का सुराग

18 जनवरी की रात डुमरांव के प्रसिद्ध मां काली मंदिर से भी चोरों ने 125 किलो तथा 51 किलो वजन के पीतल के दो घंटे चुरा लिए थे। लेकिन, घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस इस मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी है। जिस कारण श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि मां काली मंदिर डुमरांव के सबसे चर्चित मंदिरों में शुमार है तथा लाखों शहरवासियों की अटूट आस्था इस मंदिर से जुड़ी है। मंदिर में हुए चोरी का उद्भेदन नहीं होने से श्रद्धालुओं का आक्रोश गहराते जा रहा है। काली मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष भगवानजी वर्मा ने बताया कि इस मंदिर में अबतक छह बार चोरियां हो चुकी है। लेकिन पुलिस किसी भी चोरी का उद्भेदन नहीं कर सकी है।

ग्रामीण चिकित्सक ने कोरानसराय थानाध्यक्ष पर लगाया बदसलूकी का आरोप

केटी न्यूज/डुमरांव

कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय सिंह पर एक ग्रामीण चिकित्सक ने बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण चिकित्सक अली रामपुर गांव का रहने वाला है। उसने डीएसपी, एसडीओ व शाहाबाद रेंज के डीआईजी को आवेदन दे बताया है कि उसका छोटा भाई ई रिक्शा चलाता है। 20 जनवरी की शाम कोरानसराय चौगाई मार्ग में ई रिक्शा चालको व टेम्पो चालकों के बीच मारपीट हुई थी। जिसके बाद सुलह समझौता के लिए मेरे भाई ने फोन कर मुझे बुलाया। मैं अभी वहां पहुंचा ही था कि डायल 112 की टीम आ गई तथा सभी को पकड़ थाने ले गई। थाना में जाने के बाद थानाध्यक्ष ने मेरे साथ मारपीट किया तथा बदसलूकी किया। मैंने थाना प्रभारी से कहा भी की मैं ग्रामीण चिकित्सक हूं। आप इस बारे में पता भी कर सकते है। परंतु उन्होंने मेरी एक भी नहीं सूनी। ग्रामीण चिकित्सक ने बताया है कि थानाध्यक्ष ने उन्हें केस में फंसा जेल भिजवाने की धमकी भी दिया है, जिससे मैं तथा मेरा पूरा परिवार आहत है। पीड़ित ने वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। जबकि इस संबंध में कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। टेम्पो व ई रिक्शा चालकों के बीच हुए विवाद में रूस्तम अली एक पक्ष से आया था। इनलोगों ने मिलकर एक टेम्पो चालक की पिटाई भी की थी। लेकिन फिर आपस में सुलह समझौता कर लिए।

भंडारे के साथ मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

केटी न्यूज/सोनवर्षा

विगत 18 जनवरी से जलभरी शोभायात्रा के साथ शुरू हुए मां दूर्गा की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हवन एवं भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे में स्थानीय लोगों के अलावा दूर दराज से पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण का कार्य दोपहर दो बजे से देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम के अनुष्ठान के लिए आचार्य के रूप में प्रयागराज के बृजकिशोर चंद्र शास्त्रीजी महाराज के सानिध्य में पांच दिनों तक श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में बाजार वासियों ने भी बड़े उत्साह से सहभागिता निभाया था। बता दें कि सोनवर्षा बाजार स्थित नवनिर्मित महावीर मंदिर के उपरी तले पर मां दुर्गा के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए बीते 18 जनवरी को जलभरी शोभायात्रा निकाली गई थी। जिसके बाद पांच दिवसीय यज्ञ के अंतिम दिन पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दूर्गा की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की गई। सोनवर्षा में मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को एसडीएम कुमार पंकज ने पहुंच पूजा अर्चना किया। साथ ही क्षेत्र में अमन चौन के लिए मां अम्बे से प्रार्थना किया। उन्होंने मंदिर परिसर में दर्शन के लिए जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। एसडीएम के पूजा अर्चना के बाद यज्ञ समिति द्वारा उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इसके बाद एसडीएम ने प्रसाद ग्रहण किया।

सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं कपूर्री ठाकुर : ओमप्रकाश भुवन

केटी न्यूज/डुमरांव

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भुवन ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि राजनैतिक और सामाजिक सूचिता और ईमानदारी के मिशाल कपूर्री ठाकुर के मुख्यमंत्री कार्यकाल तक सत्ता के व्यवहार और आरक्षण को लेकर कभी सामाजिक तनाव पैदा नहीं हुआ। हालांकि उनको गुरु मानने वाले नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव सहित अन्य समाजवादी नेताओं की राजनीति सामाजिक विद्वेष पर ही खड़ी है। ये सुखद संयोग है कि जैसे कपूर्री ठाकुर ने अति पिछड़ा समाज के होकर भी

बिहार में सामान्य जाति के गरीबों को आरक्षण दिया था वैसे ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अति पिछड़ा का बेटा होकर पुरे देश में गरीब सामान्य वर्ग के लोगों को आरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर उन संपूर्ण लोगों को प्रोत्साहित करने का काम किया है जो जातियों को एकसाथ जोड़कर राजनीति करने में विश्वास रखते हैं, समाज को तोड़कर नहीं।

मुद्दई की तरफ से 15 लोग व विपक्ष की ओर से कुल 30 लोगों का नाम था मुकदमें शामिल

तीन वर्षों से चले आ रहे जमीन विवाद को डालसा ने मिनटों में सुलझाया

केटी न्यूज/बक्सर

वर्षो से चले आ रहे जमीन विवाद को विधिक सेवा प्राधिकार ने बुधवार को मिनटो में सुलझा दिया। समझौते के बाद दोनों पक्ष खुश हो वहां से अपने घर लौटे। इस मामले में कुल 45 लोगों का नाम शामिल था तथा यह विवाद वर्ष 2021 से चला आ रहा था। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के रिटेनर अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने बताया कि डुमरांव सब जज दो के न्यायालय में नंबरी बंटवारा 601/2021 की सुनवाई की जा रही थी। उक्त मुकदमे को रोहतास जिले के दावथ थाना के परमेश्वरपुर के रहने वाले बालेश्वर सिंह ने सिकरौल थाना के बसाव कला के रहने वाले हरिहर सिंह पर दाखिल किया था। मुद्दई की तरफ से 15 लोग मुकदमे में शामिल थे जबकि विपक्ष की ओर से कुल 30 लोगों का नाम दिया गया था। सब जज दो डुमरांव के न्यायालय से समझौते के आधार पर सुनवाई के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को अग्रसारित किया गया था। प्राधिकार के रिटेनर विष्णुदत्त द्विवेदी ने दोनों पक्षकारो को समझौता के महत्व को बताते हुए मामले को निस्पादित कराया।

क्या कहते हैं न्यायाधीश

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह न्यायाधीश देवेश कुमार ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां से हर तरह के सुलहनीय मामलों के लिए समझौते का रास्ता बनता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर लोग बरसों बरसों तक न्यायालय में लड़ते रहते हैं। जिससे उनका काफी आर्थिक क्षति होती है साथ ही समय की बबार्दी एवं मानसिक अशांति बनी रहती है।

उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

- छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत

केटी न्यूज/ गाजीपुर

यूपी स्थापना दिवस के मौके पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने संयुक्त रूप से रायफल क्लब परिसर में फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रदर्शनी जनपद में 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि मंचाशीन होने के उपरान्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूली बच्चियों द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। समारोह में विभिन्न स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर राइफल क्लब सभागार में लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर किए गए संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया एवं सुना गया। पर्यटन सूचना विभाग द्वारा पर्यटन से संबंधी लघु फिल्म की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्य अतिथि इस मौके पर बधाई एवं शुभकामना देते हुए अपने संबोधन में

कहा कि जो अपने अतीत की श्रेष्ठता को स्मरण एवं सम्मानित नहीं करता। उसका इतिहास भविष्य में मिट जाता है। हम अपने विरासत की श्रेष्ठता का स्मरण नहीं करेंगे तो कभी हम भविष्य का इतिहास नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि यह देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन जनपद पूरी तरह कृषि प्रधान जनपद है। उद्योगों को कृषि उत्पादन से जोड़ने का काम किया जाए। जिससे बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा।

प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से हो रहा है अग्रसर: डीएम

मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जीवन राम इंटर कॉलेज छात्रावास के मैदान में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/चाबी एवं टूलकिट वितरण का कार्य भी किया गया। इस दौरान जिला अधिकारी ने वहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का भी अवलोकन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया।उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की उपलब्धियां को रेखांकित करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अपने प्रदेश को आगे बढ़ाने हेतु कार्य योजना तैयार कर उस पर कार्य भी करना है। प्रदेश में कानून व्यवस्था में गुणात्मक रूप से सुधार होने के कारण अब हमारे प्रदेश में बड़े-बड़े उद्यमियों के साथ ही छोटे उद्यमी भी अपने कारोबार सुगमता पूर्वक फैला रहे हैं। जनपद मऊ में भी गत दिनों आयोजित इन्वेस्टर समिट के दौरान करीब 1200 करोड रुपए का निवेश हुआ है।

एक नजर

मुजफ्फरपुर के कुलपति बने प्रो. डॉ. दिनेशचंद्र राय

गाजीपुर। रेवतीपुर गांव के भीष्मदेव पट्टी निवासी एवं बीएचयू में डेयरी विज्ञान के सीनियर प्रो. डाक्टर दिनेश चंद्र राय को बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर ने मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है। इसकी जानकारी शिक्षकों, परिजनों सहित ग्रामीणों को होते ही उनमें खुशी की लहर दौड गई। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिला इस खुशी का जश्न मनाया। बता दें कि इसके पहले वह डेयरी विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं। मृदुल स्वभाव के धनी प्रो.दिनेश चंद्र राय शुरू से ही प्रतिभा के बहुमुखी धनी रहे ।16 अक्टूबर 1963 को जन्मे प्रो. डाक्टर दिनेश चंद्र राय शिक्षा के क्षेत्र में कई अवार्ड जीत चुके हैं। परिजनों के मुताबिक चार भाईयों में वह तीसरे नंम्बर पर है। प्रो. डाक्टर दिनेश चंद्र राय की प्राथमिक शिक्षा एवं हाईस्कूल, इंटर यूपी कालेज वाराणसी से ग्रहण किया। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए वाराणसी के ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। इसके उपरांत उनका चयन वहीं प्रोफेसर के पद पर हो गया।

डा.एस के यादव रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव

चंदौली। जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बुधवार को रेड क्रॉस सोसाइटी का चुनाव उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। इसमें सर्व सम्मति से डा. एस के यादव को सचिव व डा. आर के शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी का चुनाव जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बुधवार को नोडल अधिकारी डॉक्टर हीरालाल व पर्यवेक्षक सोसायटी के प्रदेश महासचिव डा. अखिलेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष अजय सिंह की देखरेख में संपन्न कराया गया। इसमें सर्वसम्मति से डा. एस के यादव को सचिव व डा. आरके शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नव नियुक्त कोषाध्यक्ष व सचिव चुने जाने पर सदस्यों ने फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ युगल किशोर राय, एसडीएम चंदौली,डॉक्टर सुरेंद्र यादव, डॉक्टर संजय तिवारी,डॉक्टर स्वामीनाथ,डॉ शरद चंद्र श्रीवास्तव, डा. गोपाल सिंह, डा. पीएन सिंह,डा. एस एन तिवारी मौजूद थे।

सादगी से भरपूर मुख्यमंत्री थे कपूर्री ठाकुर

अलीनगर (चंदौली)। राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय अलीनगर के प्रांगण में जननायक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर का जन्म शताब्दी इनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूमधाम से मनाया। वहीं गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजसेवी व अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि इन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में भी कच्चे मकान व सादगी भरा जीवन यापन किया। इन्होंने पिछड़ों दलितों को एकजुट कर इनके उत्थान व आरक्षण की अलख जगाने का काम देश स्तर पर करने का काम किया। बहुत से इन्होंने ऐतिहासिक काम किया जो आज भी यादगार के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष बैजनाथ यादव,प्रबंधक परशुराम यादव, विशाल पटेल,हरदेव मौर्य,अंजू परवीन ,जेपी राम,राम भोग शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा,मुनक्का प्रसाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

जनपद में 29 फरवरी तक धारा 144 रहेगी प्रभावी

मऊ। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि जनपद मऊ में मो०हजरत अली का जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, संत रविदास जयंती, बसंत पंचमी आदि व लोक सभा चुनाव 2024 एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा शान्ति भंग का प्रयास किया जा सकता है। असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों से सम्पूर्ण मऊ जनपद के नगरीय व देहाती क्षेत्रों में कहीं भी अथवा सम्पूर्ण जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त होने व लोक शान्ति के भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गयी है।

खबरें फटाफट

ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में डूबा पूरा कस्बा

फेफना। स्थानीय बजार और गांधी आश्रम के लिए लगा सौ केबीए का ट्रांसफार्मर जला होने से करीब एक सप्ताह से बिजली गुल है जिससे गांधी आश्रम सहित पूरा बाजार का उधोग धंधा ठप है। गांधी आश्रम का पूरा कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं सैकड़ों कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलने का इंतजार कर रहें है। बाजार में लगा हुआ इंजीनियरिंग वर्कशॉप, आटा चक्की, सर्विसिंग सेंटर, जनसेवा केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक दुकानें सब बंद पड़ी हुई है तो कुछ लोग जनरेटर चला कर अपने दुकान की आवश्यक कार्य को निपटा रहे है। कमलेश यादव, संतोष सिंह, विरेन्द्र चौबे, सुनिल गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, सुरेश यादव, सतीश चौबे, दीना चौधरी, सुनिल भारती आदि ने संबंधित उच्चाधिकारियों से जल्द ही जले हुए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

दहेज हत्या में सास-ससुर व पति को दस-दस वर्ष की सजा

बलिया। दहेज हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सास-ससुर व पति को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक-एक हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। अर्थदंड अदा करने की दशा में एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतान होगा। आरोपियों में सुबेदार साहनी पुत्र दीनानाथ, हीरावती देवी पत्नी सुबेदार साहनी, पप्पू उर्फ पिट्टू पुत्र सुबेदार साहनी निवासीगण मानगढ़ है। तीनों आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2021 में रेवती थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत किया। इसके बाद सुनवाई करते हुए सत्र न्यायालय की अदालत ने आरोपियों को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक-एक हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

अधेड़ को मिली जान से मारने की धमकी

बलिया। प्रभु श्री राम के नाम पर दीपक जलाने जा रहे चंवरी निवासी रामअवधेश को बदमाशों ने धमकी देने के साथ परिवार को भी खत्म करने की धमकी दी, इस मामले में रामअवधेश जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। खेजुरी थाने की पुलिस पर आरोप है वहां सुनवाई नहीं हो रही है। रामअवधेश बुधवार को अपने पुत्र विजयशंकर यादव के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी को सौंप गए ज्ञापन में रामअवधेश ने जिक्र किया कि बीते 22 जनवरी की शाम प्रभु श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शाम के वक्त मैं दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से दीपक लेकर जा रहा था। अभी घर से कुछ दूरी पर गए थे कि बदमाशों ने मुझे रास्ते में रोककर कहा कि राम के नाम का दीपक जलाओगे तो तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। इस दौरान बदमाशों ने हाथ में लिए दीपक को भी फेंक दिया। रामअवधेश ने बताया कि मुझे तथा मेरे परिवार को जान का खतरा। डीएम साहब आप मुझे और मेरे परिवार को बचा लें।

दलों की छोड़िए, इसमें शंकराचार्य तक नहीं हुए

मोदी का कार्यक्रम था, रामलाल का नहीं : मौर्य

केटी न्यूज/ गाजीपुर

समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अयोध्या का कार्यक्रम बीजेपी का निजी कार्यक्रम था। इसलिए कार्यक्रम में सभी पीठों के शंकराचार्य तक नहीं शामिल हुए। राजनैतिक पार्टियों ने इससे दूरी बना ली है। अब कोई भी अयोध्या जा सकता है। स्वामी प्रसाद ने कहा कि भगवान तो वहां हजारों साल से स्थापित हैं। उनके अंदर प्राण प्रतिष्ठा करने वाले हम कौन हैं? कहा कि यह कार्यक्रम धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बीजेपी का राजनैतिक ड्रामा था।यह कार्यक्रम केवल भाजपा व मोदी जी के लिए था, रामलला के लिए नहीं। स्वामी प्रसाद ने कहा कि सपा पहले भी मायावती का सम्मान करती थी,आगे भी करती रहेगी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के रुप में द्रौपदी मुर्मू को दिल्ली में दलित होने से मंदिर में प्रवेश नहीं मिला। जबकि राष्ट्रपति रहे रामनाथ कोविंद को राजस्थान मे दलित होने से मंदिर में प्रवेश नहीं

मिला। स्वामी प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने परिवार में मरने वालों की लाशों में प्राण-प्रतिष्ठा कर दो, वो अमर हो जाएंगे। यदि प्राण- प्रतिष्ठा करने से पत्थर सजीव हो जाएं, तो मुर्दा जीवित क्यों नहीं हो सकता। स्वामी प्रसाद ने कहा कि जो खुद भगवान हैं, सबका कल्याण करते हैं, हम इंसान की क्या हैसियत उनकी प्राण-प्रतिष्ठा कर सकें। स्वामी प्रसाद ने कहा कि ये सब ढोंग और आडम्बर है।इसका मतलब है, हम भगवान के अस्तित्व को नकार रहे हैं। भगवान राम हजारों वर्ष से पूजे जा रहे हैं, उनके करोड़ों भक्त हैं।कहा कि सत्ता में बैठे लोग अपने पाप को छिपाने के लिए ड्रामा कर रहे हैं और सरकार धर्म के नाम पर बरगलाने की कोशिश कर रही है। स्वामी प्रसाद कपूर्री ठाकुर की जन्मशती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सपा की ओर से लंका मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

तटवंध टूटने से सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न, किसानों का विरोध

केटी न्यूज/ चंदौली

सकलडीहा से फुल्ली खोर तुलसी आश्रम तक जाने वाली राहवाहा पूरी क्षमता से चलाये जाने के कारण बुधवार को सुबह कई जगह तटबंध टूट गया। जिससे दर्जनों किसानों की सैकडों बीघा गेहूं की रोपी गयी फसल जल मग्न हो गई। सूचना के बाद भी मौके पर अधिकारियों के बिलम्ब से पहुंचने परक किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर नुकसान हुए फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग किया। किसानों ने आरोप लगाया कि सकलडीहा राजवाहा और माइनरों की बगैर साफ सफाई कराये राजवाहा में पानी पूरी क्षमता से छोड़ दिया गया। जिसके कारण कई जगह किसानों के खेत के सामने तटबंध टूट गए। जिससे दर्जनों किसानों की सैकड़ों एकड़ गेहूं की बोई गयी फसल जलमग्न होगया है। शिकायत के बाद भी घंटों लेट से पहुंचे अवर अभियंता सहित अन्य सिर्फ कोरमपूर्ति किया, जबकि पूर्व में किसान यूनियन की ओर से सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी की ओर से प्रार्थना पत्र देकर राजवाहा और माइनरों की साफ सफाई की मांग उठाया था। आक्रोशित किसानों ने विभागीय अधिकारियों की घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन से नुकसान हुए फसलों की मुंआवजा दिलाने की मांग किया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में जगदीश सिंह, मान सिंह, चन्द्रभान तिवारी, शशी प्रकाश सिंह, चित्रसेन कुशवाहा, विजयी सिंह, धनंजय गुप्ता, रणजीत, चन्द्रशेखर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

कबड्डी में अम्बुज, पूजा, छोटू व अनिता की टीम रही अव्वल

केटी न्यूज/ बलिया

प्रत्येक वर्ष की भांति इस` वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राम प्रवेश सिंह इन्टर कालेज बनरही` के प्रांगण में किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभाजित की गई थी, सीनियर व जूनियर। इस प्रतियोगिता में कबड्डी व खो-खो आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग के अम्बुज यादव तथा बालिका वर्ग में पूजा यादव की टीम विजयी रही। वहीं जूनियर वर्ग के बालक वर्ग में छोटू राजभर व बालिका वर्ग में अनिता की टीम विजयी रही। जबकि खो-खो प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में अम्बुज यादव तथा बालिका वर्ग ने सुमन की टीम विजयी रही। वहीं जूनियर बालक वर्ग में विजय तथा बालिका वर्ग में अनिता की टीम विजयी रही। अंत में विजेता व उप विजेता टीम के कैप्टनों को मुख्य अतिथि विजय शंकर वर्मा व विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर यादव ने मेडल व शील्ड देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

केटी न्यूज/ मऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आज जनपद स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा सोनी धापा खंडेलवाल बालिका इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। रैली में सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज, जीवन राम इंटर कॉलेज के एन.सी.सी. के बच्चे एवं रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज भीटी के स्काउट गाइड के बच्चे, मुस्लिम इंटर कॉलेज, तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज इस तरह से लगभग कुल 2000 बच्चों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। रैली में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बच्चों द्वारा नारा लगाया गया। बच्चों द्वारा निकाली गयी रैली सोनी धापा खंडेलवाल बालिका इंटर कॉलेज के मैदान से बाल निकेतन

होते हुए भीटी चौराहे से पहले भीटी गांव होकर राजकीय जिला चिकित्सालय होते हुए सोनी धापा के मैदान में आई, रामस्वरूप भारती के बच्चे स्कूली बैंड बाजा के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किए।

इस दौरान आम जनता से आग्रह किया गया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। क्योंकि यही देश का निर्माण करता है। इसमें पीछे कभी भी नहीं रहे। आपका वोट बेहद कीमति है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा अभियान, प्रधानाचार्य सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज, राजेश कुमार तिवारी रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज, वंदना गुप्ता सहित भारी संख्या में बच्चे एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

किशोर को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था करना करें सुनिश्चित

डालसा अध्यक्ष ने किया राजकीय संप्रेक्षणगृह का औचक निरीक्षण

केटी न्यूज/ मऊ

उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर, अपर जनपद न्यायाधीश-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ अभिनय कुमार मिश्रा एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती श्वेता चौधरी द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण, गृह का आकास्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान समिति के निदेर्शानुसार सम्प्रेक्षण गृह में संचालित गतिविधियों के सम्बंध जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश रामेश्वर ने अधीक्षक

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह को निर्देशित किया कि किशोर को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक, सम्प्रेक्षण गृह ने बताया कि वर्तमान समय में 115 किशोर रह रहे है जिसमें मऊ के 26, जनपद-आजमगढ के 53, बलिया के 32 एवं अन्य जनपद के 04 किशोर है।

उन्होंने सम्प्रेक्षणगृह के अधीक्षक को निर्देश दिया कि जो भी विधि विरोधी बालक यहां रह रहे है उनमें सुधार के लिए लगातार परामर्श कराया जाए। साथ ही उनकी शिक्षा की व्यवस्था की जाए। यदि शिक्षक नहीं आ पा रहे है। तो जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर तत्काल शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करायी जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। मानकों को ध्यान में रखते हुए ठंड से बचाव के लिए वस्त्र दिए जाए। इस दौरान उन्होंने गृह में लगे सीसीटीवी कैमरा का भी अवलोकन किया। अपर जनपद न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ ने अवगत कराया कि एनआई एक्ट सम्बंधी वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत में 01 मामलों का निस्तारण किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ ने वादकारियों से अपील की है आगामी 29,30 एवं 31 जनवरी 2024 को विद्युत अधिनियम के अंतर्गत आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में सम्बन्धित न्यायालय में उपस्थित होकर आपसी सुलहके आधार पर निस्तारित करा सकते है तथा उक्त के सम्बंध में यदि पक्षकार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनका समाधान होगा।